नवभारत

# आदिवासी गांव में 207 शौचालयों का निर्माण

संवाददाता

**पुणे.** ग्रामीण इलाके के लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहे और परिसर का वातावरण साफ-सुथरा और सुरक्षित रहने हेतु फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज व मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से पालघर जिले के आदिवासी गांव में लगभग 207 शौचालय का निर्माण किया गया है. इसमें से चौथे चरण में वाड़ा तालुका के केल्टन, सपाने व कारलगांव में 77 शौचालय एवं सोलर पंप का उद्घाटन शनिवार को हुआ. स्वच्छता हेतु लाभार्थी को बकेट, मग्गा और सफाई का सामान दिया गया.

## फिनोलेक्स और मुकुल माधव फाउंडेशन का उपक्रम



गटविकास अधिकारी राजलक्ष्मी येरपुडे, सरपंच सौ. म्हात्रे, स्थानीय अधिकारी, ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे. मुकुल माधव की ओर से बबलू मोकले व मंगेश तलेकर उपस्थित थे.

राजलक्ष्मी येरपुडे ने मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से होने वाले काम की सरहना की. आदिवासियों के आरोग्य और स्वच्छता के लिए जागृति और शौचालय का निर्माण करने में मुकुल माधव ने लिया हुआ पुढाकार सराहनीय है ऐसा उन्होंने कहा. सोनाले गांव में हो रहे शौचालय का उपयोग और उसकी देखभाल देख कर मैं प्रभावित हूं, ऐसा बताकर शौचालय के लाभार्थियों ने ओपन स्पेस में शौच को जाने के बगैर शौचालय में जाना चाहिए, ऐसा आवाहन भी राजलक्ष्मी ने किया.

खेरवाड़ी सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के सहकार्य से पालघर जिले के गांव में अत्याधुनिक शौचालय बनाने का उपक्रम मुकुल माधव फाउंडेशन ने हाथ में लिया है. इससे पहले वाड़ा तालुका के सोनाले गांव में 50 शौचालय और सौरपंप बिठाए थे. उसके बाद झेडएफ स्टीयरिंग गीयर कंपनी के साथ में वडवली गांव में 30 शौचालय व सोलर पंप बिठाए. तीसरे चरण में बावेघर, हमरापुर व केव गांव में 50 शौचालय एवं सोलर पंप बिठाए गए.

मुकुल माधव फाउंडेशन की व्यवस्थापकीय संचालिका रितु प्रकाश छाबरिया ने कहा, फिनोलेक्स और मुकुल माधव फाउंडेशनने 200 से अधिक शौचालय बनवाए हैं. पालघर जिले के कई गांव खुले में शौच जाने से मुक्त हुए है. इसकी हमें ख़ुशी है. इस जिले के अधिकाधिक लोगों को लाभ दिलाने के लिए हम और भी काम कर रहे हैं. उसमें जल संवर्धन भी एक है इसके लिए हम सम विचारी लोगों को साथ में लेकर आगे बढ़ रहे हैं.

Navabharat Pune Edition
16 Jun, 2019 Page No. 4